## खबर संक्षेप

### शाला बड़ागांव के माध्यंमिक शिक्षक को किया निलंबित

**कटनी।** विद्यालयीन समय पर बिना सक्षम प्राधिकारी से अवकाश स्वीकृति अथवा अनुमति के मंगलवार को कलेक्ट्रेट में आयोजित जिलास्तरीय जनसुनवाई में उपस्थित होकर आवेदन पत्र प्रस्तुत करने पर शासकीय माध्यिमिक शाला बड़ागाँव न.02 के माध्यिमिक शिक्षक अजय कुमार चौधरी को कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने तत्कोल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। कलेक्टर ने शासकीय माध्यमिक शाला बड़ागाँव न.02 में पदस्थ एकमात्र माध्यमिक शिक्षक चौधरी द्वारा विद्यालय को शिक्षक विहीन करते हुये जनसुनवाई में अपने निजी कार्य से उपस्थित होना अध्यापन कार्य जैसे महत्वपूर्ण दायित्वों के प्रति गंभीर लापरवाही माना। जो कि म.प्र. सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 की उपकंडिका (1), (2), (3) के विपरीत कदाचरण की श्रेणी में आता है। इसके बाद कलेक्टर श्री यादव ने म.प्र. सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम-9 (1) में निहित प्रावधान के अनुसार श्री चौधरी को तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुये मुख्यालय कार्यालय विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी बड़वारा, नियत किया है। निलंबन अवधि में श्री चौधरी को नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी।

### 31 जुलाई तक फसलों का बीमा करा सकते हैं किसान

**कटनी।** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत खरीफ 2025 के लिए सभी कृषक संबंधित पटवारी हल्के में अधिसूचित फसलों के लिए बीमा करवा सकते हैं। फसल बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 जुलाई निर्धारित की गई है। उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास मनीष मिश्रा ने बताया कि ऋणी कृषकों ने जिस बैंक से फसल ऋण लिया है, वे उस बैंक में अपना बीमा करवा सकते हैं। वहीं अऋणी कृषक, किसान क्रेडिट कार्ड पर फसल ऋण प्रदायकर्ता बैंकों, सहकारी समितियों, किसान बैंक, जन सेवा केंन्द्र (सीएससी) तथा ग्राम पंचायत स्तर पर जन सेवा केंन्द्र के माध्यम से 31 जुलाई तक अपनी फसलों का बीमा करा सकते हैं। बीमा कराने के लिए कृषकों को घोषणा पत्र, आधार कार्ड, जमीन सिकमी होने पर इसका शपथ पत्र, ऋण पुस्तिका, बैंक खाते का विवरण, बुवाई प्रमाण पत्र लेकर जाना होगा। खरीफ में अनाज एवं दलहन फसल के लिए प्रीमियम राशि बीमित राशि का 2 प्रतिशत है। श्री मिश्रा ने सभी कृषकों से आग्रह किया है कि वह अपनी अधिसूचित फसलों का बीमा अवश्यं करवायें। ताकि असामान्य परिस्थितियों में होने वाले नुकसान की प्रतिपूर्ति हो सके।

### जनपद सभागार में सामान्य सभा की बैठक का आयोजन

**स्लीमनाबाद।** जनपद पंचायत सभागार बहोरीबंद में मंगलवार को सामान्य सभा की बैठक का आयोजन हुआ। बैठक में न्यू बस स्टैंड की पुनः नीलामी प्रक्रिया करने के लिए सर्वसम्मति प्रस्ताव पारित किया गया। साथ ही वर्ष 2023-24,2005-26 की पांचवें वित्त आयोग की पूर्व कार्य-योजना का अनुमोदन किया गया है। वहीं सर्पदंश से होने वाली घटनाओं को चिकित्सकों सहायता प्रदान करने की बात कही गई।साथ ही ग्राम पंचायत स्तर पर आवारा मवेशियों को मुख्य मार्ग से रोक लगाते हुए लापरवाह पशु पालकों के विरुद्ध दण्डात्मक कार्यवाही बात भी कही गई। वहीं सरकार द्वारा हाल ही राहगीर योजना अन्तर्गत दुर्घटना में सहायता प्रदान करने वाले को प्रोत्साहन राशि देने के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई जिसके बाद सामान्य सभा की बैठक संपन्न हो गई। इस दौरान दीनदयाल अंत्योदय समिति अध्यक्ष सुनील जयरत्नम, जनपद सीईओ अभिषेक कुमार, परियोजना अधिकारी सतीश पटेल, एसडीओ एल एन तिवारी, एसएडीओ आर के चतुर्वेदी, बीआरसी प्रशांत मिश्रा सहित जनपद सदस्यों की उपस्थिति रही।

---

वाहन चेकिंग के नाम पर अवैध वसूली के आरोप, पुलिस की समझाइश से माने लोग

# थप्पड़ से मचा हंगामा, हाईवे में वाहन चालकों के प्रदर्शन से लगा घंटों जाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

हाईवे में वाहनों की चेकिंग के दौरान कुछ ऐसा हुआ कि भारी वाहन चालक आक्रोशित हो उठे और सड़क में वाहनों को खड़ा कर हंगामा शुरू कर दिया। हाईवे में हंगामा के चलते आवागमन ठप सा हो गया और वाहनों की लंबी कतार लग गई। दरअसल राजमार्ग पर आरटीओ द्वारा सुबह जांच के दौरान एक ट्रक चालक को थप्पड़ जड़ दिया जिसके बाद हंगामे की स्थिति निर्मित हो गई। सूत्रों की माने तो आरटीओ अमले द्वारा वाहन चेकिंग के नाम पर अवैध वसूली की जा रही थी।

विरोध प्रदर्शन कर रहे वाहन चालकों का कहना था कि जबलपुर-रीवा नेशनल हाइवे 30 में गुलवारा के ग्राम द्वारा के पास आरटीओ संतोष पाल वाहन चेंकिंग कर रहे थे। जांच के दौरान ट्रक चालक प्रदीप रजक को थप्पड़ जड़ दिया गया। चालक ने ट्रक को सड़क में खड़ा करके जाम लगा दिया जिससे बाईपास में घण्टों आवागमन बाधित रहा। करीब 11 बजे माधवनगर पुलिस के हस्तक्षेप के बाद मामला सुलझा और आवागमन बहाल हुआ।



### आरटीओ अमला खिसका

घटना की जानकारी मिलने के बाद ट्रांसपोर्ट व्यवसायियों ने घटना की सूचना पुलिस अधीक्षक अभिनव विश्वकर्मा को फोन पर दी। सूचना मिलते ही माधवनगर पुलिस मौके पर पहुंच गई। घटना के बाद बाईपास से आरटीओ अमला लापता हो गया। बताया जाता है की बाईपास पर आरटीओ विभाग वाहन चेकिंग कर रहा था। उसी दौरान वहां से गुजर रहे ट्रक चालक से आरटीओ व कर्मचारियों ने 2500 हजार की मांग की तो वाहन चालक ने अपने सभी कागजात दिखाए और कहा किस बात के पैसे मेरे सभी दस्तावेज पूरे है कोई कमी नही है। इस बात से आरटीओ साहब इतने नाराज हो गए कि उन्होंने उसे थप्पड़ जड़ दिया। जिसके बाद हंगामा करते हुए ट्रक चालक ने ट्रक को सड़क में खड़ा करके जाम लगा दिया और हंगामा करने लगा। यह देखते ही वहां मौजूद आरटीओ अमला लापता हो गया। जाम लगने की सूचना मिलते ही पुलिस बल मौके पर पहुंच गया और ट्रक चालकों से बातचीत की। ट्रक चालको की मांग थी की आरटीओ के द्वारा लगातार अवैध रूप से बसूली की जा रही है जिसके कारण ट्रक चालको ने सड़क जाम कर हड़ताल कर दी।

### माफी मांगने के बाद खुला जाम

माधवनगर पुलिस की समझाईश व आरटीओ संतोष पाल द्वारा ट्रक चालक से माफ़ी मांगने के बाद जाम खुल सका। बताया जाता है कि ट्रक चालक का आरोप था कि उससे आरटीओ ने 5 हजार रुपए की मांग की और रसीद नही दी जा रही थी। ऊपर से आरटीओ द्वारा गाली गलौज और मारपीट की गई। इस घटना के बाद करीब आधे घंटे तक आवागमन बाधित रहा जिससे पूरे बाईपास में वाहनों की कतारें लग गई थी। जिसे खुलवाने में भी पुलिस के पसीने छूट गए। करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद वाहनों को हटवाया गया जिसके बाद यातायात बहाल हो पाया।

एएसपी डाक्टर संतोष डेहरिया ने बताया कि चालक से शिकायती आवेदन मांगा गया है। आवेदन मिलने पर मामले की जांच कराई जाएगी जो भी तथ्य सामने आएंगे उसके आधार पर वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

---



# विधायक ने विद्यार्थियों को वितरण की साईकिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

**निःशुल्क साइकिलें पाकर विद्यार्थियों के खिले चेहरे, आना जाना होगा सुगम**

बहोरीबंद विकासखंड अंतर्गत पीएम श्री स्कूल बाकल मै मुख्यमंत्री साईकिल वितरण योजना के तहत कक्षा 9वी मै अध्ययनरत विद्यार्थियों को सत्र 2025-26 की साईकिलो का वितरण किया गया। साईकिल वितरण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक प्रणय पांडेय रहे। विधायक के द्वारा पीएम श्री स्कूल बाकल के कक्षा 9 वी के 85 विद्यार्थियों को साईकिल वितरण की। साईकिल पाते ही विद्यार्थियों के चेहरों मैं मुस्कान आ गई। विद्यार्थियों को पढ़ाई करने स्कूल आने में सहूलियत होगी।

विधायक प्रणय पांडेय ने कहा कि विद्यार्थी मन लगाकर पढ़ाई करें, जिससे उज्ववल भविष्य की ओर बढ़े ओर अपने माता -पिता के साथ शिक्षक व गाँव का नाम रोशन करें। सरकार द्वारा विद्यार्थियों के सर्वागीण विकास के लिए अनेक योजनाएं चलाई जा रही है।

इस दौरान थाना प्रभारी प्रतीक्षा सिंह, प्राचार्य गोपाल प्रसाद यादव, भाजपा जिला महामंत्री राजेश चौधरी, भाजपा मंडल अध्यक्ष पीयूष अग्रवाल, सरपंच मनोज पटेल, सचिव बेडी लाल चौधरी,रोजगार सहायक दीपक दुबे,कमलेश सेन, जीतेश दुबे,दिलीप पटेल सहित स्कूल स्टॉफ व विद्यार्थियों की उपस्थिति रही।

---

**सांदीपनी उत्कृष्ट विद्यालय में शाला प्रबंधन समिति की हुई बैठक**

# परीक्षा परिणाम, परिवहन सुविधा सहित बच्चों के अध्यापन कार्य पर की गई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ उमरियापान

सांदीपनी शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय उमरियापान में बुधवार को एसडीएम निधि गोहल की अध्यक्षता में शाला प्रबंधन समिति की बैठक हुई। बैठक में ढीमरखेड़ा एसडीएम ने विद्यालय में नामांकन,बीते वर्ष के परीक्षा परिणामों,परिवहन सुविधा, बच्चों की गणवेश और परिवहन, जाति प्रमाण पत्र,शिक्षकों की उपलब्धता और अध्ययन अध्यापन कार्य को लेकर चर्चा किया। प्राचार्य मुकेश पटेल ने शैक्षणिक गतिविधियों को लेकर बिंदुवार जानकारी दी। इस मौके पर विद्यालय में नलकूप खनन के लिए प्रस्ताव रखा।जिस पर एसडीएम ने पीएचई एसडीओ विकल्प पटेल को कार्रवाई हेतू निर्देशित किया। ग्राम पंचायत भवन से सटे बेसिक हाल को भी विद्यालय के हैंडओवर करने के निर्देश दिए।



इस मौके पर सरपंच अटल ब्यौहार, तहसीलदार आशीष अग्रवाल, एसडीओ विकल्प, प्रभारी बीईओ लखन बागरी, प्राचार्य मुकेश पटेल,जनशिक्षक अवधेश पटेल, एमई संजय द्विवेदी, लैब टैक्नीशियन अशोक इंदौरिया, व्यख्याता मुकेश राय,सुभाषचंद गुप्ता, अजय खरे, अंकित झारिया सहित अन्य लोगों की उपस्थिति रही।

### एसडीएम ने किया निरीक्षण

एसडीएम निधि गोहल ने सांदीपनि उत्कृष्ट विद्यालय में कक्षाओं के निरीक्षण किया। शैक्षणिक कार्यों को लेकर विद्यार्थियों और शिक्षकों से चर्चा किया। एसडीएम ने विद्यार्थियों से सवाल जवाब भी किया। विद्यार्थियों को पढ़ाई में अच्छी मेहनत करने के लिए प्रेरित किया।

---

## एसडीएम ने खाद वितरण केन्द्र का किया निरीक्षण



एसडीएम निधि गोहल ने खाद वितरण और मूंग उड़द खरीदी केंद्र का निरीक्षण किया। उन्होंने खाद का स्टॉक देखा, रजिस्टर जांचे। इस दौरान एसडीएम ने केंद्र प्रभारी को रजिस्टर संधारण करने और समय पर किसानों को खाद वितरण करने के निर्देश दिए। इस मौके पर समिति प्रबंधक दीपचंद बर्मन,प्रभारी शरद बर्मन उपस्थित रहे।वहीं एसडीएम निधि गोहल ने उमरियापान मंडी प्रांगण में हो रही उड़द मूंग की खरीदी पर पहुँचकर किसानों की उपज को देखा। केंद्र प्रभारी से उपज खरीदी और व्यवस्थाओं को लेकर चर्चा किया।एसडीएम ने कहा कि उपज खरीदी में तेजी लाए,ताकि बाद में किसानों को परेशानी न हों।उन्होंने कहा कि परिवहन में लापरवाही बिल्कुल नहीं बरतें,लेटलतीफी होने पर इसकी जानकारी जरूर दें। इस मौके पर तहसीलदार आशीष अग्रवाल,समिति प्रबंधक रवि तिवारी,सहायक प्रबंधक संजय पांडेय,आरआई अनिल सोनी,पटवारी शैलेन्द्र झारिया सहित अन्य लोगों की उपस्थिति रही।

---

# परफार्मेंस गारंटी के निर्माण कार्यों की अधिकारियों से जांच कराने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

**शिकायतों को संज्ञान में लेकर महापौर ने निगमायुक्त को लिखा पत्र**

नागरिकों की सुविधाओं में विस्तार को दृष्टिगत रखते हुए विगत तीन वर्षो में नगर निगम के माध्यम से कराए गए सड़क एवं नाली निर्माण के निर्माण कार्यों की निविदा शर्तो के अनुरूप परफार्मेंस गारंटी की जांच निगम के तकनीकी अधिकारियों से कराकर निर्माण कार्यों के संबंध में प्राप्त होने वाली कमियों को दूर करानें हेतु निगमायुक्त को पत्र लिखा है।

महापौर श्रीमती सूरी द्वारा उक्त निर्माण कार्यों के संबंध में प्राप्त शिकायतों को संज्ञान में लेते हुए महापौर श्रीमती सूरी द्वारा नागरिकों की आवागमन एवं जल निकासी की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए निविदा शर्तो के अनुरूप परफार्मेंस गारंटी के तीन वर्षो में कराए गए निर्माण कार्यों की जांच कराते हुए प्राप्त कमियों का निराकरण कराने का लेख किया गया है।

उल्लेखनीय है कि नागरिकों को बेहतर से बेहतर मूलभूत सुविधाएं प्रदान करने के उद्देश्य से निगम प्रशासन द्वारा नगर के विभिन्न वार्डो में निर्माण कार्य कराकर नागरिकों को सुगम आवागमन हेतु सड़क एवं जल निकासी की व्यवस्था हेतु नाली निर्माण की सौगात प्रदान की गई है। उक्त निर्माण कार्यों का लाभ लंबे समय तक नागरिकों को प्राप्त होता रहे इस बात को दृष्टिगत रखते हुए महापौर श्रीमती सूरी ने उक्त कार्यवाही कराने के निर्देश दिए है।

नागरिकों से महापौर की अपील

महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने नागरिकों से उनके क्षेत्र में नगर निगम के माध्यम से विगत तीन वर्ष की अवधि के भीतर कराए गए सड़क एवं नाली के निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की खराबी अथवा कमियों संबंधी सूचना से नगर निगम कार्यालय को अवगत कराने की अपील की है। महापौर श्रीमती सूरी ने नागरिकों से आग्रह किया है कि यदि समय रहते परफार्मेंस गारंटी वाले निर्माण कार्यों की कमियों की जानकारी प्राप्त हो जायेगी तो उनकी शीघ्रता से जांच की जाकर संबंधित निर्माण एजेंसी के माध्यम से मरम्मत का कार्य पूर्ण कराया जा सके।

---

**श्री हास्पिटल कैम्पस में विदाई समारोह का किया गया आयोजन**

# एएनएम, जीएनएम, नर्सिंग छात्राओं को दिलाई गई शपथ, दी गई विदाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

साइनाथ स्कूल ऑफ़ नर्सिंग कटनी के श्री हॉस्पिटल कैंपस में लैंप लाइटिंग एवं ओथ टेकिंग सेरिमनी के साथ विदाई समारोह का आयोजन मंगलवार को किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉक्टर राज सिंह ठाकुर, मुख्य चिकित्सा अधिकारी जिला कटनी तथा विशिष्ट अतिथि डॉक्टर लीना वर्मा भूतपूर्व प्रिंसिपल साईनाथ स्कूल ऑफ़ नर्सिंग कटनी अतिथि अमृतलाल, नितिन तपा, कॉलेज की चेयरपर्सन डॉक्टर शोभना सक्सेना एवं डायरेक्टर डॉक्टर दीपक सक्सेना तथा संस्थान के न्यू डायरेक्टर आमोद सक्सेना एवं श्रीमती स्वाति सक्सेना, श्रीमति लिंमना मैथ्यू प्रिंसिपल एवं समस्त शिक्षक गण और संस्थान के विद्यार्थियों की उपस्थिति रही।

### उज्जवल भविष्य की दी गई शुभकामनाएं

कार्यक्रम की ओथ ऑफिसर डॉक्टर लीना वर्मा भूतपूर्व प्रिंसिपल साईनाथ स्कूल ऑफ़ नर्सिंग कटनी के द्वारा ANM GNM BSC NURSING छात्र-छात्राओं को समस्त सभा की उपस्थिति में शपथ दिलाई गई एवं नम आंखों से एएनएम जीएनएम एवं बीएससी नर्सिंग के उत्तीर्ण छात्राओं को विदाई दी गई और उन्हें भविष्य के लिए शुभकामनाओं के साथ कॉलेज से विदा किया गया।





---

कलेक्टर के प्रस्ताव पर संयुक्त संचालक लोक शिक्षण ने की कार्यवाही

# वित्तीय अनियमितताओं पर हाई स्कूल गोपालपुर प्राचार्य निलंबित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

लोक शिक्षण जबलपुर संभाग के संयुक्त संचालक अरूण कुमार इंगले ने विकासखंड ढीमरखेडा के गोपालपुर स्थित पीएमश्री हाई स्कूल के प्रभारी प्राचार्य गणेश यादव को गंभीर वित्तीय अनियमितताओं के कारण निलंबित कर दिया है। निलंबन की यह कार्यवाही कलेक्टर दिलीप कुमार यादव द्वारा प्रस्तावित अनुशासनात्मक कार्यवाही के बाद की गई है।

गोपालपुर के निवासियों द्वारा प्रस्तुत शिकायत पर जिला शिक्षा अधिकारी के प्रस्तुाव के बाद अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) ढीमरखेडा ने संयुक्त जांच दल से जांच करवाकर जांच प्रतिवेदन कलेक्टर यादव को प्रस्तुत किया था। प्रस्तुत जांच प्रतिवेदन में उल्लेखित किया गया है कि विभिन्न मदों के अंतर्गत प्रभारी प्राचार्य द्वारा उपयोग की गई राशि के देयक बिना टिन नंबर के लगाये गये है, स्काउट मद में छात्रों के संख्यामान के आधार पर खाते में शुल्क जमा नही की गई तथा उपयोंग किये गये देयक अपूर्ण स्थिति में पाये गये। परीक्षा मद के अंतर्गत कक्षा नवमी एवं कक्षा दसवी की नामांकन एवं परीक्षा फीस जो पोर्टल में जमा की गई है, उसके बिल व्हाउचर निर्धारित प्रारूप में नहीं पाये गये।

इसी प्रकार वित्तीय वर्ष 2021-22 में प्रभारी प्राचार्य श्री यादव के द्वारा विभिन्न मदों के अंतर्गत व्यय की गई राशि के देयक बिना टिन नंबर के अपूर्ण स्थिति में पाये गये। खेलकूद की राशि 24 हजार 695 परीक्षा मद में जमा कर खर्च की गई है, जिसका व्हाउचर प्राप्त नही हुआ। वहीं वित्तीय वर्ष 2022-23 की विभिन्न मदों की कैशबुक में प्रभारी प्राचार्य श्री यादव के सील हस्ताक्षार नहीं पाये गये। कैशबुक में गलत एंट्री पायी गई। ब्हाउचर बुक में विज्ञान सामग्री कय ना करके अन्य सामग्री कय की गई है। बोर्ड परीक्षा शुल्क एमपी ऑनलाईन के माध्यम से जमा की गई, जिनका बिल निर्धारित प्रारूप में नही पाया गया। कक्षा नवमी की वार्षिक एवं कक्षा दसवी की प्रीबोर्ड परीक्षा हेतु भेजी गई। शुल्क का व्हाउचर निर्धारित प्रारूप में नही पाया गया। विभिन्न मदों में उपयोग किये गये देयक बिना टिन नंबर के उपयोग किये गये है तथा किसी भी देयक में पास फॉर पेमेन्ट नही किया गया। प्राचार्य पी.एम.श्री. हाई स्कूल गोपालपुर खाता क्रमांक 3134710972 सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया में 23 मार्च 2022 से 27 मार्च 2022 तक शासन के द्वारा राशि 4 लाख 39 हजार 216 रूपये प्राचार्य के खाते में जमा किये गये। जिसमें से राशि 4 लाख 37 हजार 189 रूपये की निकासी तत्कालीन प्राचार्य के द्वारा की गई है। जिसकी कैशबुक एवं बिल व्हाउचर उपलब्ध नहीं कराये गये ।

इसके अलावा तत्काचलीन प्रभारी प्राचार्य के द्वारा 24 अप्रैल 2025 को कथन पत्र प्रस्तुत किया गया कि अटल लैब एवं अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य हेतु 20 लाख रूपये व्यय हो चुके है। परंतु, कितनी राशि प्राप्त हुई और कितनी राशि व्यय हुई इसके अभिलेख प्रस्तुत नहीं किये गये।

जांच प्रतिवेदन के आधार पर कलेक्टरर श्री यादव द्वारा अनुशासनात्मरक कार्यवाही के प्रस्तादव पर लोक शिक्षण जबलपुर संभाग के संयुक्त संचालक श्री इंगले ने प्रभारी प्राचार्य श्री यादव उक्त कृत्य गंभीर वित्तीय अनियमित्ता एवं कदाचरण की श्रेणी में पाये जाने पर मध्यप्रदेश सिविल सेवा (वर्गीकरण नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 उप नियम-9 (क) के अतर्गत श्री यादव को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर मुख्यालय विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी रीठी जिला कटनी नियत कर दिया गया है। निलंबन अवधि में नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता रहेगी।

---

# आधार कार्ड सेंटर में सिस्टम काम नही करने से बढ़ी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बड़वारा

आधार कार्ड सेंटर में सिस्टम काम नही करने से आधार कार्ड सेंटर में स्थानीय एवम ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले छात्र छात्राओं को जन्म तिथि फिंगर अपडेट , पर्सनल नाम अपडेट नही होने से विगत छः माह से परेशान होना पड़ रहा है। मोबाइल नम्बर अपडेट एवम एड्रेस सुधार का कार्य ही हो पा रहा है।

### परेशान हो रहे लोग

गौरतलब है कि बड़वारा तहसील मुख्यालय होने के बावजूद बड़वारा में संचालित आधार कार्ड सेंटर में सिस्टम पूरी तरह से कार्य नही कर पा रहा है जिसकी वजह से आम जन छात्र छात्राएं सभी परेशान हैं। सबसे अधिक परेशानी छात्र छात्राओं को उनके फिंगर अपडेट नही होने,जन्म तिथि में सुधार नही होने,नाम अपडेट नही होने से स्कूलों में एडमिशन करबाने में परेशानी हो रही है।

### कलेक्टर से की गई मांग

जिला मुख्यालय कटनी अपने निजी पैसों से दो तीन बार कटनी जाकर लोगो को तथा छात्र छात्राओं को अपने दस्तावेजों में सुधार करबाने जाना पड़ता है । स्थानीय लोगों छात्र छात्राओं तथा उनके पालकों ने जिला कलेक्टर से मांग की है कि बड़वारा आधार कार्ड सेंटर में सभी प्रकार के कार्य विधिवत प्रारम्भ करवाएं जाएं जिससे सभी छात्र छात्राओं को बड़वारा आधार कार्ड सेंटर में सभी कार्य करबाने की सुविधा प्राप्त हो सके।

## खबर संक्षेप

### ईवीएम की कमीशनिंग का कार्य पूर्ण

**दमोह।** जनपद पंचायत क्षेत्र क्रमांक 16 गैसाबाद के उप निर्वाचन 2025 (पूर्वार्द्ध) का कार्य अनुविभागीय दंडाधिकारी राजस्व हटा के कार्यालय में रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम हटा राकेश सिंह मरकाम के निर्देशन में संपन्न हुआ। जनपद क्षेत्र के सभी 09 मतदान केन्द्रों के लिए ईवीएम तैयार की गई। इसके साथ साथ तीनों ग्राम पंचायतों हेतु दो दो अतिरिक्त ईवीएम और दो अतिरिक्त रिजर्व ईवीएम तैयार की गई।

### फसल में पौषक तत्व के लिये डीएपी छिडकाव ना करें किसान

**दमोह।** उप संचालक कृषि दमोह ने बताया धान, सोयाबीन एवं मक्का की खडी फसल में पौधों की वृद्धि हेतु कृषक भाई डीएपी उर्वरक का छिडकाव कर रहे हैं। इस संबंध में कृषकों को सलाह दी जाती है कि डीएपी का उपयोग छिडकाव हेतु ना करें। उन्होंने बताया डीएपी उर्वरक मुख्य रूप से बुवाई के समय मिट्टी में मिलाकर उपयोग करने से उर्वरक का लाभ प्राप्त होता हैं। फसल उगने के बाद में फसल की वृद्धि हेतु यूरिया या नैनो यूरिया एवं नैनो डीएपी का छिडकाव किया जा सकता है, जबकि डीएपी के छिडकाव करने से डीएपी में उपलब्ध मात्रा पौधों को ना के बराबर उपलब्ध हो पाती है और संपूर्ण मात्रा का उपयोग नहीं हो पाता और व्यर्थ चली जाती हैं जिससे कृषक एवं देश को वित्तीय हानि होती हैं।

### जिले में 575.4 मि.मी. वर्षा दर्ज

**दमोह ।** जिले में इस वर्ष 1 जून से अभी तक 575.4 मि.मी. अर्थात 22.6 इंच औसत वर्षा दर्ज हुई है, जो अभी तक गत वर्ष से 272.4 मि.मी. अर्थात 10.7 इंच अधिक है। इसी अवधि में गत वर्ष 303.0 मि.मी. अर्थात 11.9 इंच औसत वर्षा दर्ज की गई थी। इस वर्ष अभी तक जिले में सबसे ज्यादा वर्षा दमोह में 680.0 मि.मी. दर्ज की गई है। भू-अभिलेख अधीक्षक वर्षा दुबे ने बताया अभी तक जिले के दमोह वर्षामापी केन्द्र पर 680.0 मि.मी., हटा 579.7 मि.मी., जबेरा में 670.0 मि.मी. पथरिया 601.0 मि.मी., तेन्दूखेड़ा 522.6 मि.मी, बटियागढ़ 502.0 मि.मी. तथा पटेरा में 473.0 मि.मी., वर्षा दर्ज की गई है। दैनिक वर्षा के तहत जिले में 3.2 मि.मी. अर्थात 0.1 इंच वर्षा दर्ज की गई है। बीते 24 घंटों के दौरान वर्षामापी केन्द्र दमोह में 7.0 मि.मी., हटा में 10.4 मि.मी., जबेरा में 4. मि.मी. तथा पटेरा में 1.0 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है। जिले की औसत वार्षिक औसत वर्षा 1246.6 मि.मी. है।

ग्रामवासियों की डिमांड अनुसार काम पूरा किया जायेगा

# कौशल उन्नयन केन्द्र का हुआ लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



मझगुवॉ माल पंचायत की बहुप्रतीक्षित मांग थी, कि यहाँ पर पंचायत भवन नहीं है, बड़ी पंचायत है तो यह मांग उनकी पूरी हुई है। यह पंचायत भवन 24 लाख रूपये की राशि से बनके तैयार हुआ हैं, उसका लोकार्पण भी किया हैं और देवरी लीलाधर में सांस्कृतिक मंच की डिमांड लोगों ने की थी, वह बनकर तैयार हो गया हैं, उसका भी लोकार्पण किया हैं, गांव वालों की जो डिमांड है वह धीरे-धीरे पूरी कर रहे हैं और आने वाले समय में और भी डिमांड ग्रामवासियों ने रखी हैं, पूरी की जायेगी। इस आशय के विचार प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने आज मझगुवां माल में पंचायत भवन एवं देवरीलीलाधर में कौशल उन्नयन केन्द्र का लोकार्पण करते हुये व्यक्त किये।

राज्यमंत्री धर्मेन्द्र सिंहलोंधी ने कहा यहाँ का पुल बरसात के समय में डूब जाता है तो पुल इतना ऊंचा करना है, कि बरसात के समय डूबे ना, यह डिमांड पूरी करनी है और यहाँ पर सामुदायिक भवन की लोगों ने डिमांड की है, इसके लिये 25 लाख की राशि से आने वाले समय में सामुदायिक भवन भी यहाँ बनाया जायेगा। उन्होंने कहा दो स्कूल जर्जर हैं, उन स्कूलों में अभी बरसात के समय दिक्कत हैं, उन स्कूलों की मरम्मत गौण खनिज की राशि से करवाई जायेगी। एक चबूतरा, रंगमंच की डिमांड थी इसके लिये 3 लाख रूपये का पत्र विधायक निधि से दी है। उन्होंने कहा ग्रामवासियों की जो डिमांड आ रही है उस डिमांड को पूरा करने का काम किया जा रहा है।

राज्यमंत्री श्री लोधी ने कहा विधानसभा चुनाव के समय हमने वादा किया था कि दोबारा विधायक बनाओगे तो हर खेत में पानी पहुंचाएंगे, केन- बेतवा परियोजना 1 लाख करोड़ की प्रधानमंत्री बना रहे है, परियोजना के लिये प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी ने हमारे क्षेत्र के हर खेत तक पानी पहुंचाने का आश्वासन दिया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी ने केन-बेतवा परियोजना को ब्यारमा नदी से जोड़ने और एक बांध बनाकर पानी इकट्ठा करने तथा उस बांध से हर खेत में पानी पहुंचाने की बात कही है। उन्होंने कहा सतधरू परियोजना से हर घर में पीने का पानी पहुँच गया, वैसे ही पाइपलाइन के द्वारा हर खेत में पानी पहुँच जायेगा। केन-बेतवा लिंक परियोजना में ब्यारमा नदी को जोड़ा जायेगा, अब पानी को स्टोर करने के लिये घटेरा के वहाँ जो रेलवे लाइन है उस तरफ एक बड़ा बांध बनेगा। वहाँ पर पानी इकट्ठा होगा और पानी इकट्ठा होने के बाद जैसे पाइप लाइन के द्वारा आपके यहाँ पीने का पानी आ रहा है, वैसे ही रचना योजना बन रही है और पाइप लाइन के द्वारा आपके हर खेत में पानी भी पहुँच जाएगा। राज्यमंत्री श्री लोधी ने कहा केन- बेतवा योजना किसानों के लिये वरदान से कम नही है, इस योजना के पूर्ण हो जाने के बाद किसान प्रतिवर्ष 4-5 फसलें ले पायेगा, जिससे यहॉ के किसान समृद्ध होगें इसलिये ब्यारमा नदी को केन-बेतवा नदी में जोड़ने का काम किया है। जब यह योजना 7-8 वर्ष में पूर्ण हो जायेगी तो हर ग्राम, खेत तक पानी पहुॅचेगा और किसान खुश और संपन्न होगा।

राज्यमंत्री श्री लोधी ने कहा मझगुवां माल में 340 गरीबों को पक्के मकान बनाकर दिए और जिनके नाम छूट गए थे, उनका फिर से सर्वे करवा लिया और 148 नए नाम जोड़ दिये गए है। 340 मकान बनकर तैयार हो गए है, 81 पिछली सूची के बाकी है, तो इस प्रकार 421 मकान हो गए है और फिर से सर्वे करवा दिया 149 और जोड़ दिए तो 570 पक्के मकान बनाकर देने संकल्प पूर्ण किया है। राज्यमंत्री श्री लोधी ने कहा हमारी सरकार किसान सम्मान निधि के अंतर्गत प्रत्येक किसान को 12000 रूपये देती है और किसी के परिवार में 02 किसान है तो 24000 रूपये आ रहे है और जिस घर में 03 किसान है तो 36000 रूपये आ रहे है। उन्होंने कहा अगर मानलो किसी घर में 03 किसान और 03 लाड़ली बहनें है तो उस परिवार को 81000 रूपये प्रतिवर्ष देने का काम हमारी सरकार कर रही है। कार्यक्रम को भारत सिंह, संग्राम सिंह ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर भारत सिंह संग्राम सिंह ममता ठाकुर अमर सिंह अमन सिंह प्रताप सिंह गुलाबचंद देव सिंह रूपलाल सीताराम हर प्रसाद तिवारी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जन मौजूद रहे।

# बिजौरा गांव में सात में से पांच ट्रांसफार्मर जले

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार/जबेरा

जबेरा ब्लाक के बिजौरा गांव में बिजली की समस्या गंभीर हो गई है। गांव में 7 ट्रांसफार्मर हैं, जिनमें से 5 ट्रांसफार्मर जले हुए हैं और 2 ट्रांसफार्मर चालू हैं। चालू ट्रांसफार्मर पर पूरे गांव का लोड है, जिससे वे भी जलने की स्थिति



में हैं। गांव के अधिकांश लोग चालू ट्रांसफार्मर से अपनी अपनी निजी डोरियां 500 से 800 मीटर तक खींच कर रखे हैं, जो डोरियां बारिश के मौसम में कभी भी टूट सकती हैं और जमीन में नमी होने के कारण कोई बड़ा हादसा हो सकता है। पांच जले हुए ट्रांसफार्मर में से 4 विद्युत विभाग के कर्मचारी अधिकारी उतार कर ले गए और 63 केवी का ट्रांसफार्मर अभी भी जला हुआ रखा हुआ है। जले हुए ट्रांसफार्मरों को बदलने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने कलेक्टर दमोह को एक आवेदन दिया है। ग्रामीणों ने मांग की है कि जले हुए ट्रांसफार्मरों को जल्द से जल्द बदला जाए, ताकि गांव में बिजली की समस्या का समाधान हो सके। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांग पूरी नहीं की गई तो वे सड़कों पर उतरकर आंदोलन करने को मजबूर होंगे। बिजली की समस्या के कारण स्कूल और कॉलेजों में पढ़ाई करने वाले छात्रों को भी परेशानी हो रही है। ग्रामीणों ने मांग की है कि जल्द से जल्द बिजली की समस्या का समाधान किया जाए, ताकि छात्रों का भविष्य अंधकारमय न हो। कलेक्टर ने ग्रामीणों की मांग को गंभीरता से लेते हुए आवश्यक कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है। अब देखना यह है कि कलेक्टर की ओर से क्या कार्रवाई की जाती है और ग्रामीणों की मांग पूरी होती है या नहीं।

# नगर में यातायात संकट से लोग परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा



नगर की सड़कों पर यातायात जाम की समस्या अब एक भीषण विपदा बनकर उभरी है, और इसके मूल में है स्थानीय पुलिस की घोर निष्क्रियता, उदासीनता और कर्तव्यविमुखता। मुख्य बाजार, बस स्टैंड, स्टेट बैंक वाला रास्ता,खकरिया रोड पर प्रतिदिन लगने वाला जाम नगरवासियों, व्यापारियों और राहगीरों के लिए अभिशाप बन चुका है। इस विकट परिस्थिति के बावजूद तेंदूखेड़ा पुलिस यातायात प्रबंधन में पूर्णतः असफल रही है पुलिस की लापरवाही और यातायात नियमों के प्रति उपेक्षापूर्ण रवैये ने परिस्थितियों को सर्वथा अनियंत्रित कर दिया है। प्रभात और संध्या के व्यस्त समय में बाजार क्षेत्र में वाहनों की अटूट कतारें, अनधिकृत पार्किंग, रोड लगे हाथ ठेलों की मनमानी ने सामान्य जनजीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया है।

### सड़कों पर अतिक्रमण है जाम की मुख्य बजाय

सड़कों पर अनियंत्रित अतिक्रमण ने मार्गों को इतना संकरा कर दिया है कि वाहनों का आवागमन अत्यंत कठिन हो गया है। खकरिया रोड पर रोज शाम के व्यस्त समय में मुख्य बाजार में वाहनों की लंबी कतारें लग जाती हैं सड़कों पर ठेले और दुकानों का अतिक्रमण जाम का सबसे बड़ा कारण है। पुलिस को बार-बार शिकायत करने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं होती। मंगलवार को साप्ताहिक बाजार के दिन पैदल चलना मुश्किल हो जाता है । हर मंगलवार को खकरिया रोड पर साप्ताहिक बाजार के दौरान सड़क के दोनों ओर ठेले, दुकानें और बेतरतीब खड़े वाहन मार्ग को इतना संकरा कर देते हैं कि वाहनों का आवागमन लगभग ठप हो जाता है। सुबह से लेकर देर शाम तक घंटों तक लगने वाला यह जाम आम जनजीवन को पूरी तरह अस्त-व्यस्त कर देता है। एक स्थानीय दुकानदार ने गुस्से में कहा, "मंगलवार को बाजार के कारण खकरिया रोड पर अतिक्रमण से हालात बद से बदतर हो जाते हैं। पुलिस को पहले से पता है कि इस दिन जाम लगेगा, फिर भी न तो अतिक्रमण हटाया जाता है और न ही कोई पुलिस कर्मी तैनात किया जाता है।"मंगलवार के बाजार में अतिक्रमण के कारण सड़क की चौड़ाई इतनी कम हो जाती है कि दो वाहन एक साथ नहीं निकल सकते ऐसी घटनाएं अतिक्रमण और पुलिस की लापरवाही की गंभीरता को उजागर करती हैं।

### इनका कहना है

इस इस संबंध में जब थाना प्रभारी नितेश जैन से बात की तो उन्होंने बताया कि मैंने नगर पालिका में बात की है इसको दिखाता हूं करता हूं कोशिश इस बार राजस्व दल और पुलिस बल के साथ मिलकर काम किया जो पहले स्थिति थी अब वो स्थिति नहीं है।

# गाड़ाघाट में निर्मित सामुदायिक भवन का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा



जबेरा जनपद की ग्राम पंचायत नोहटा के ग्राम गाड़ाघाट में 20 लाख रुपये की लागत से नवनिर्मित सामुदायिक भवन का जबेरा विधायक एवं मध्य प्रदेश शासन में संस्कृति पर्यटन राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार धर्मेंद्र सिंह लोधी द्वारा लोकार्पण किया। इस दौरान राज्यमंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी लोधी ने कहां कि ग्राम वासियों के द्वारा निरंतर भवन की मांग की जा रही थी जिसको आज पूर्ण किया है इस भवन के माध्यम से ग्राम के लोगों को वैवाहिक कार्यक्रम एवं अन्य सामाजिक कार्यों के लिए के लिए उपयुक्त साबित होगा।पहले लोग परिवारिक विवाह शादी स्कूलों के माध्यम से कर दिया करते थे अब स्कूल मिलना बंद हो गए जिससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है इसलिए मैं निश्चय किया है कि विधानसभा के संपूर्ण ग्रामों में एक सामुदायिक भवन का निर्माण कराया जाए जिससे लोगों को सुविधा प्राप्त होगी। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार निरंतर गरीब परिवारों की चिंता कर रही है। हमने वादा किया था कि लाडली बहनों के खाते में हर महीने 1500 लाडली बहनों के खाते में डालने का कार्य करेंगे और इसको हम 3000 रूपये तक ले जाने का काम करेंगे। हमारी सरकार ने ₹1000 से बढ़कर 1250 रुपए किये और अभी दीपावली से इसे बढ़ाकर₹1500 करेंगे निरंतर हम बहनों की चिंता कर रहे हैं। आने वाले समय में बहनों के खाते में ₹3000 डालने का भी हम काम करेंगे। राज्यमंत्री श्री लोधी ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने इस देश पर 60 साल राज किया कभी किसी गरीब आदमी की चिंता नहीं की कांग्रेस शासन काल में एक पंचायत में एक कुटीर आया करती थी हमारी सरकार बनने पर माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने गरीबों की चिंता की ओर हर गरीब को प्रधानमंत्री आवास देने की योजना बनाई। अभी तक देश में 5 करोड़ से अधिक आवास बनाए जा चुके हैं और जिनके नाम सर्वे में छूट गए थे हमारी सरकार ने पुनः उनका सर्वे कराया है और उनका भी नाम प्रधानमंत्री आवास में जोड़ दिया गया है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से नोहटा मंडल अध्यक्ष सत्यपाल सिंह, सरपंच प्रतिनिधि राजू यादव, सचिव लाल सिंह यादव, सहायक यंत्री शिवाजी गौड़, उपयंत्री आरके जैन, साहब सिंह यादव,गोपाल लोधी, उमराव सिंह, हेमराज लोधी, घनश्याम सिंह, भूपेश गंधर्व, शुभम रैकवार सहित ग्राम वासियों की उपस्थिति रही।

# स्कूल मार्ग पर कचरा और कीचड़ से परेशान स्कूली बच्चे



**बनवार।** स्कूल मार्ग पर नाली का कचरा और कीचड़ डालने से बच्चों और अभिभावकों को परेशानी हो रही है। बांदकपुर के शासकीय हाई स्कूल, ज्ञान गंगा पब्लिक स्कूल और शासकीय माध्यमिक कन्या शाला में 18 गांव के बच्चे पढ़ने आते हैं। ग्राम पंचायत द्वारा 10 जुलाई को नालियों की सफाई के बाद कचरा सड़क पर डाल दिया गया, जिसे अभी तक नहीं उठाया गया है। इससे बच्चों को स्कूल पहुंचने में परेशानी हो रही है। ग्राम पंचायत को नाली की सफाई के बाद कचरे को व्यवस्थित जगह पर डालना चाहिए था, लेकिन उन्होंने सड़क पर कचरा डाल दिया और अभी तक यह कचरा नहीं उठाया गया है, जिससे स्कूली बच्चों को स्कूल आने-जाने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस गंभीर समस्या पर न तो जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग ने संज्ञान लिया है और न ही ग्राम पंचायत ने आवश्यक कदम उठाए हैं। स्कूली बच्चों और अभिभावकों ने ग्राम पंचायत और अधिकारियों से मांग की है कि इस समस्या का समाधान अति शीघ्र किया जाए। जिला प्रशासन के निर्देश पर ग्राम पंचायत के द्वारा नाली की साफ-सफाई के बाद निकला कीचड़ और कचरा स्कूल मार्ग की सड़क पर डाल दिया गया था, जो कि साफ-सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित करने के नाम पर एक बड़ी अनदेखी है। ग्राम पंचायत को चाहिए कि स्कूल मार्ग पर साफ-सफाई का ध्यान रखते हुए डाला गया कचरा तुरंत उठाया जाए, ताकि स्कूली बच्चों को स्कूल आने-जाने में कोई परेशानी न हो। जब इस समस्या के संबंध में ग्राम पंचायत सचिव हरिशंकर पटेल से बात करनी चाहिए तो उन्होंने कॉल रिसीव नहीं किया गया है।

# ब्रज धाम के दर्शनों और श्रीमद्भागवत कथा श्रवण के लिए जत्था रवाना



**बनवार।** दमोह जिले के बनवार से कथा वाचक श्री उमाशंकर शास्त्री जी महाराज के पावन संध्या में जिले से 70 भक्तों का परिकर श्री धाम वृन्दावन के लिए प्रस्थान किया। यहां सात दिवसीय भव्य आयोजन में शिवलिंग निर्माण एवं श्रीमद भागवत कथा का आयोजन है। ब्रजभूमि भगवान श्री कृष्ण की विभिन्न लीलाओं के केंद्र धार्मिक स्थलों दर्शन करेंगे। दमोह रेलवे स्टेशन पर सभी श्रद्धालु भक्तों को पुष्प माला पहनाकर बधाई एवं मंगलमय यात्रा की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर मध्य प्रदेश सरकार पर्यटन धार्मिक संस्कृति मंत्री धर्मेंद्र सिंह जी के छोटे भाई नितेंद्र सिंह जी, भाजपा महामंत्री श्री सतीश तिवारी, बांदकपुर धाम से भैया राम गौतम, शंकर संदीप चक्रवर्ती, कल्याण राजपूत, प्रदीप शास्त्री, आलोक दुबे, राम दुबे, मानव महोबिया, निखिल ठाकुर सहित अन्य भक्त उपस्थित रहे। उमाशंकर शास्त्री जी महाराज के नेतृत्व में भक्तों का जत्था वृंदावन के लिए रवाना हुआ। इस आयोजन के माध्यम से भक्तों को धार्मिक और आध्यात्मिक अनुभव प्राप्त होगा।

# गिरनार पर्वत पर पूजा का अधिकार देने सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

नगर में जैन मिलन प्रमुख शाखा, जैन मिलन वरिष्ठ शाखा, महिला जैन मिलन नेमिनागर, महिला जैन मिलन टण्डन बगीचा, एवम् उपस्थित जनसमूह के द्वारा जूनागढ स्थित गिरनार पर्वत की 5वीं टोंक पर जैनों को पूजा के अधिकार से वंचित रखना इस बावत- भूपेंद्र पटेल मुख्यमंत्री गुजरात सरकार के नाम कलेक्टर महोदय के माध्यम से ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में उल्लिखित किया गया कि भारत गणराज्य का संविधान सभी नागरिकों को उनके धर्म के पालन की स्वतंत्रता प्रदान करता है इसमें किसी को भी पूजन से रोकने का अधिकार नहीं है लेकिन विगत 2 जुलाई को जैन तीर्थ गिरनार पर्वत जूनागढ़ गुजरात की 5वीं टोंक पर जिस स्थान से जैन धर्म के 22 में तीर्थंकर नेमीनाथ भगवान मोक्ष गए हैं। देश भर से आए हजारों जैन धर्म प्रेमियों के उनको दर्शन पूजन का अधिकार से वंचित रखा गया ना ही भगवान का जयकारा बोलने दिया ना ही कोई द्रव्य आदि क्षेत्र पर चढ़ाने दी गई और यहां तक कि पुलिस द्वारा 10 से अधिक स्थानों पर चेकिंग की गई। कोई भी द्रव्य नहीं ले जानी दी गई ले जाई गई द्रव्यों को छीन लिया गया। महिलाओं के साथ अभद्रता की गई जबकि भारत सरकार के पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग तथा गुजरात राज्य गजेटियर दोनों ने स्पष्ट रूप से प्रमाणित किया है कि गिरनार की 5वीं टोंक मूलतः जैन धर्म के अनुयायियों की तीर्थ क्षेत्र है मोक्ष स्थली है। यह केवल जैन धार्मिक या ऐतिहासिक अपमान नहीं बल्कि न्यायिक व्यवस्था के मुंह पर तमाचा है। यह किउच्च न्यायालय के निर्णय 2005 के अनुसार पाँचवीं टोंक पर कोई नया निर्माण न करते हुए हमें पूजन का अधिकार दिया जाए एवं राष्ट्रीय धरोहर घोषित की जाए इस बाबत यह ज्ञापन सौंपा गया।

# उचित देखरेख से समय पूर्व जन्मे नवजात को मिला नवजीवन



**दमोह।** जिले के पटेरा ब्लॉक के ग्राम बिलगुवां में एक बच्ची का जन्म 4 मई 2025 को समय पूर्व होने से समय वजन महज 1.78 किलो ग्राम निकलने पर कमजोर स्वास्थ्य स्थिति को देखते हुए चिकित्सक द्वारा नवजात को विशेष नवजात देखभाल ईकाई में भर्ती कराया गया। जहॉ चिकित्सक की देखरेख में उसका यथोचित उपचार किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया विशेष नवजात देखभाल ईकाई से छुट्टी मिलने के बाद आशा कार्यकर्ता और सुपरवाईजर ने नियमित गृह भेंट कर गृह आधारित नवजात देखभाल सेवायें प्रभावशाली ढंग से प्रदाय की गई। मॉ को स्तनपान, साफ-सफाई, नवजात की देखभाल एवं खान-पान संबंधी परामर्श समय-समय पर दिया गया। बच्ची की सेहत पर लगातार निगरानी रखी गई। लगातार देखरेख और मॉ के सहयोग से बच्ची का वजन 3 किलो ग्राम तक बढ़ गया। बच्ची स्वस्थ है, बच्ची के मॉ और परिजन भी बच्ची के बढे.वजन एवं सेहत में सुधार से खुश हैं। उसका प्राथमिक टीकाकरण भी किया जा चुका है। बच्ची को स्वास्थ्य लाभ प्रदाय करने में स्वास्थ्य विभाग के मैदानी कार्यकर्ता विशेषकर आशा कार्यकर्ता, आशा सुपरवाईजर और अंतरा फाउण्डेशन का महती सहयोग रहा।

# मड़ियादो थाना प्रभारी को दी विदाई



**दमोह।** मड़ियादो थाना में पदस्थ उपनिरीक्षक रोहित द्विवेदी का मड़ियादो से सागर नाका चौकी स्थानांतरण होने के उपरांत आज मड़ियादो थाना पुलिस परिवार ने उन्हें सादगीपूर्ण विदाई दी। साथ ही नवागत थाना प्रभारी शिवांगी गर्ग ने पदभार भी ग्रहण किया। सहायक उपनिरीक्षक प्रेमसिंह ठाकुर ने पुलिस स्टाफ के साथ थाना प्रभारी को श्रीराम की प्रतिमा स्मृति चिन्ह स्वरूप भेंट किया। सभी ने रोहित द्विवेदी के छोटे कार्यकाल की सराहना कर उन्हें शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर विपिन तिवारी, अमित दुबे, अंकित कुमार, निशांत वैष्णव और स्टाफ की उपस्थिति रही।

# राज्यमंत्री ने स्कूल में रोपा पौधा



**तेजगढ़।** क्षेत्र भ्रमण के दौरान मध्य प्रदेश सरकार के संस्कृति पर्यटन धार्मिक न्यास और धर्मस्य विभाग के राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार धर्मेंद्र सिंह ने एकीकृत माध्यमिक शाला देवरी लीलाधर के परिसर में एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत पौधारोपण किया। उन्होंने आह्वान किया कि सभी जनों को इस अभियान के अंतर्गत पेड़ लगाकर पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन के लिए काम करना चाहिए। पर्यावरण संरक्षण से हम स्वस्थ और समृद्ध जीवन जी सकेंगे। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष संग्राम सिंह , पूर्व अध्यक्ष भरत सिंह ,संस्था प्रभारी मनोहर सिंह ठाकुर , अमन सिंह ,अजय सिंह,भोजराज जैन, नन्हें भाई ठा, अखिलेश सिंह, मनोज रैकवार,सहित ग्रामीण जन और छात्रों की मौजूदगी रही।

**खबर संक्षेप**

## सम्मन्ना तिराहा पर चैंकिग कर की चालानी कार्यवाही की

**दमोह।** जिला कलेक्टर द्वारा दिए गए निर्देशों के तहत जिले में परिवहन विभाग लगातार कार्यवाही कर रहा हैं। इसी क्रम में सम्मन्ना तिराहा पर चैंकिग की गई। इस सबंध में परिवहन अधिकारी क्षितिज सोनी ने बताया इस दौरान 04 डम्पर बिना फिटनेस, 02 बल्कर ओवरलोड एवं 02 बस परमिट नियमों का उल्लघन करने पर इस प्रकार कुल 69 हजार 500 रूपये की चालानी कार्यवाही की गई। उन्होंने कहा यह कार्यवाही आगे भी जारी रहेगी।

## फार्मर रजिस्ट्री कार्य में पटवारी गति लायें-अधीक्षक भू-अभिलेख

**दमोह।** कृषकों की फार्मर आईडी बनाने का कार्य सम्पूर्ण जिले में निरंतर किया जा रहा हैं। इसी परिप्रेक्ष्य में कृषकों की फार्मर आईडी बनाने के लिए दमोह तहसील कार्यालय में फार्मर रजिस्ट्री कार्य की समीक्षा अधीक्षक भू-अभिलेख वर्षा दुबे द्वारा की गई। इस दौरान फार्मर रजिस्ट्री में आ रही समस्याओं पर राजस्व निरीक्षक एवं पटवारियो से चर्चा करते हुए उनकी समस्याओं का निराकरण कराया गया। इसके अलावा पंजीयन में आ रही तकनीकी समस्याओं का निराकरण भी किया गया। उन्होंने कार्य को शीघ्र ही शत-प्रतिशत पूर्ण करने के लिए कहा। पीएम किसान सम्मान निधि योजना में लंबित कार्यों की भी समीक्षा कर उन्हें भी शीघ्र ही पूर्ण करने के लिए कहा गया। इस अवसर पर तहसील दमोह एवं दमयंती नगर के राजस्व निरीक्षक और पटवारी उपस्थित रहे।

## सौम्या राजपूत का असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर चयनित

**हटा।** हटा कृषि विभाग के भूमि संरक्षण शाखा में पदस्थ ग्राम भैंसा हाल चंडी जी निवासी देवेंद्र सिंह राजपूत की बेटी सौम्या सिंह का एमपी पीएससी में असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर पांचवीं रैंक में चयन हुआ है। सौम्या राजपूत ने संपूर्ण क्षेत्र व समाज को गौरवान्वित किया उनकी इस उपलब्धि पर समाज के लोगों व शुभचिंतकों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी।




### जनपद सदस्य गैसाबाद के उप-निर्वाचन को लेकर प्रशासन ने की तेयारियां, हर मतदान केंद्र में लगेगी टीवी

# प्रदेश में पहली बार जनपद सदस्य निर्वाचन पेपरलेस पद्धति से

### मतदान 22 जुलाई को, मतगणना 26 जुलाई को

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



मध्य प्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग के मार्गदर्शन में दमोह जिले में पहली बार जनपद सदस्य निर्वाचन पेपरलेस पद्धति से होने जा रहा हैं, यह मतदान बाकी मतदान से भिन्न है, इसके पहले रीवा और बैरसिया में भी पेपरलेस पद्धति से मतदान हुआ हैं लेकिन वहां पर इंटरनेट बेस्ड व्यवस्था के आधार पर मतदान हुआ था, प्रदेश का पहला जिला दमोह जहां पर जनपद सदस्य के लिए निर्वाचन हो रहा हैं और पेपरलेस पद्धति के साथ-साथ बिना इंटरनेट यानी ऑफलाइन पद्धति से पूरा पेपर लेस निर्वाचन संपन्न होने जा रहा हैं। इस आशय की बात आज कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुधीर कुमार कोचर ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान कही। उन्होंने कहा अभी तक मतदान केंद्र पर 04 कर्मी हुआ करते थे लेकिन अब नई व्यवस्था से केवल 03 मतदान कर्मियों की आवश्यकता रहेगी। इस अवसर पर उप-जिला निर्वाचन अधिकारी एवं अपर कलेक्टर मीना मसराम सहित सम्मानीय मीडियाजन मौजूद रहे।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुधीर कुमार कोचर ने कहा पहले मतदान कर्मियों को सामग्री लेने के लिए सामग्री वितरण केंद्र पर जाना पड़ता था, लेकिन अब सामग्री सेक्टर सुपरवाइजर सामग्री मतदान केंद्र पर ही पहुचाएंगे। सामग्री के साथ बहुत सारे प्रपत्र जो दिए जाते थे अब सारे प्रपत्र लैपटॉप में प्री-फील्ड रहेंगे, वह सॉफ्टवेयर जेनरेटेड होंगे कोई मैन्युअल प्रपत्र नहीं भरना होगा। उन्होंने बताया मतदान 22 जुलाई 2025 को प्रातः 07 बजे से अपरान्ह 03 बजे तक सम्पन्न होगा। स्टाँग रूम एवं मतगणना स्थल कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी हटा होगा। मतगणना 26 जुलाई 2025 को प्रातः 08 बजे से प्रारंभ होगी।

उन्होंने मीडिया से चर्चा करते हुए कहा पहले मतदाता रजिस्टर में अंगूठा या दस्तख्त करते थे अब मतदाताओं के लिए अंगूठा लगाने के लिए अंगूठा डिवाइस और सिग्नेचर के लिए सिग्नेचर पेड पेपर लेस मतदान की व्यवस्था होगी। उन्होंने कहा ईव्हीएम की व्यवस्था यथावत रहेगी, इस चुनाव में व्हीव्हीपीएट की व्यवस्था नहीं होगी, मतदान संपन्न होने के बाद सामग्री वापसी सेक्टर सुपरवाइजर मतदान केंद्र पर जाएंगे वहीं से सामग्री लेकर आएंगे।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा सबसे महत्वपूर्ण बात अभिलेख का डाटा में यह पता चलता है किसी व्यक्ति को कितने मत दिए गए हैं, वह पहले हाथ से लिखा जाता था लेकिन अब सारे प्रपत्र इलेक्ट्रॉनिकली भरे जाएंगे, ऑटोमेटिक अपने आप जनरेट होंगे, जिससे गलतियों की संभावना बहुत कम हो जाएगी, त्रुटिया नहीं होगी। साथ ही बहुत सुविधा लोगों को हो जाएंगी और बहुत सारी प्रक्रियाओं को कम करके पेपरलेस पद्धति से निर्वाचन करने जा रहे हैं।

उन्होंने कहा इस नई प्रक्रिया अंतर्गत निष्पक्ष, शांतिपूर्ण निर्वाचन करने में जिला प्रशासन सफल रहेगा। नई व्यवस्था के अंतर्गत अधिकारी-कर्मचारी बहुत उत्साही हैं, उनको नई व्यवस्था में चुनाव कराने मिल रहा हैं इसके लिए आयोग का भी हृदय से आभार कि उन्होंने इस नई प्रक्रिया के लिए दमोह जिले को चुना।

उप-जिला निर्वाचन अधिकारी एवं अपर कलेक्टर मीना मसराम ने बताया प्रत्येक मतदान केंद्र में टीवी स्क्रीन की व्यवस्था भी की गई हैं। मतदाताओं को मतदाता पर्ची ले जाने का प्रावधान हैं, मतदाता पर्ची के सरल क्रमांक को पीठासीन अधिकारी मिलान करेंगे, सामने टीवी स्क्रीन में मतदाता की फोटो सहित अन्य जानकारी रहेगी जिसे निर्वाचन अभिकर्ता भी पहचान सकते हैं, यह वही व्यक्ति है जो वोट देने आया हैं।

### 12 मतदान केंद्र

उप-निर्वाचन 2025 पूर्वाद्ध जनपद पंचायत सदस्य क्षेत्र क्रमांक 16-गैसाबाद में सम्मिलित ग्राम पंचायत 03 यथा गैसाबाद, गर्रेह, बलेह में 09 मतदान केंद्रों में इंटीग्रेटेड सिस्टम पेपरलेस प्रक्रिया के माध्यम से निर्वाचन सम्पन्न होगा। वर्तमान प्रक्रिया के तहत मतदान कर्मियों को मतदान के एक दिवस पूर्व सीधे मतदान केन्द्र पर पहुँचना है। मतदान दल को सेक्टर पर्यवेक्षण एवं प्रबंधन दल द्वारा संपूर्ण मतदान सामग्री आरओ से प्राप्त कर मतदान केन्द्र पर प्रदान की जाएगी। नवीन प्रकिया में निर्वाचक नामावली, मतदाता पर्चियाँ, मतदाता रजिस्टर एवं विभिन्न प्रारूप लैपटॉप में इन्सटॉल कर प्रदाय किये जायेंगे। नवीन प्रकिया में स्टेप बाय स्टेप सारे प्रपत्र लैपटॉप पर सॉफ्टवेयर के माध्यम से भरने की कार्यवाही की जाना है। नवीन प्रकिया में यह प्रपत्र लैपटॉप में आटोमैटिक जनरेट होता है, जिससे संख्यात्मक जानकारी त्रुटि रहित होती है। नवीन प्रक्रिया में समस्त मतदान सामग्री सेकटर पर्यवेक्षण एवं प्रबंधन दल द्वारा प्राप्त की जाकर आरओ को सौंपी जायेगी।

### मतदान केन्द्रवार मतदाताओं की जानकारी

जनपद पंचायत हटा के जनपद क्षेत्र क्रमांक-16 के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायतो के मतदान केन्द्रवार मतदाताओं की जानकारी 06 मार्च 2025 के अनुसार ग्राम पंचायत गैसाबाद में मतदान केंद्र 101 माध्यमिक शाला भवन में पुरूष 379, महिला 347, कुल 726 मतदाता, मतदान केंद्र 102 नवीन प्राथमिक कन्या शाला भवन गैसाबाद में पुरूष 389, महिला 353 कुल 742 मतदाता, मतदान केंद्र 103 हायर सेकेन्डरी भवन पूर्वी भाग गैसाबाद में पुरूष 341, महिला 327, कुल 668 मतदाता तथा मतदान केंद्र 104 हायर सेकेन्डरी भवन पश्चिमी भवन गैसाबाद में पुरूष 352, महिला 323, कुल 675 मतदाता हैं। ग्राम पंचायत गर्रेह में मतदान केंद्र 105 प्राथमिक शाला भवन गर्रेह में पुरूष 381, महिला 378, कुल 759 मतदाता तथा मतदान केंद्र 106 प्राथमिक शाला भवन बासन में पुरूष 278, महिला 254, कुल 532 मतदाता हैं। इसी प्रकार ग्राम पंचायत बलेह में मतदान केंद्र 136 प्राथमिक शाला भवन बलेह में पुरूष 240, महिला 217, कुल 457 मतदाता, मतदान केंद्र 137 माध्यमिक शाला भवन बलेह में पुरूष 231, महिला 212, कुल 443 मतदाता तथा मतदान केंद्र 138 माध्यमिक शाला भवन अदनवारा में पुरूष 327, महिला 292, कुल मतदाता 619 हैं। ग्राम पंचायत गैसाबाद में पुरूष 1461, महिला 1350, कुल मतदाता 2811 हैं। ग्राम पंचायत गर्रेह में पुरूष 659, महिला 632, कुल 1291 मतदाता तथा ग्राम पंचायत बलेह में पुरूष 798, महिला 721, कुल 1519 मतदाता है। इस प्रकार तीनों ग्राम पंचायत में पुरूष 2918, महिला 2703, कुल 5621 मतदाता है।

## दो बाईकों की आमने-सामने भिड़ंत में एक घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा

जबेरा थाना अंतर्गत करनपुरा खैरी सिंगौरगढ़ के बीच दो बाईकों की आमने-सामने से भिड़त हो जाने पर एक बाईक सवार को गंभीर चोंटे आने पर जबलपुर रेफर किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार दोपहर जबेरा निवासी लाल सिंह घोसी पिता सूरज सिंह उम्र करीब 55 वर्ष बाइक पर सवार होकर करनपुरा से जबेरा रहे थे। तभी करनपुरा और खैरी सिंगौरगढ़ के बीच में शक्ति घाट पर जबेरा तरफ से आ रहे बाइक सवार करनपुरा निवासी झलकन आदिवासी सामने से टकरा गए जिससे दोनों घायल हो गए। हादसे की सूचना रोजगार सहायक शिवराज सिंह लोधी द्वारा सांसद प्रतिनिधि रूपेश सेन को मिलने पर तुरंत मंडल अध्यक्ष बंटी दुबे के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और पुलिस को सूचना देकर दोनों घायलों को ऑटो की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जबेरा पहुंचाया गया। जहां पर पदस्थ डॉक्टर शिवम राजपूत द्वारा दोनों घायलों का प्राथमिक उपचार किया गया। जिसमें से लाल सिंह घोसी को गंभीर चोंटे आने पर जबलपुर रेफर किया गया है। हादसे की सूचना मिलते ही जबेरा थाना से प्रधान आरक्षक सत्येंद्र दुबे द्वारा पहुंचकर घटना की जांच की जा रही है। वहीं सांसद प्रतिनिधि रूपेश सेन ने बताया कि घटना की जानकारी रोजगार सहायक शिवराज सिंह लोधी द्वारा मिलने पर तत्काल ही मंडल अध्यक्ष बंटी दुबे के साथ घटनास्थल पर पहुंच कर देखा तो करनपुरा और खैरी सिंगौरगढ़ के बीच दो बाइक सवार आपस में टकराकर घायल पड़े थे जिन्हें तुरंत पुलिस को सूचना देकर स्वास्थ्य केंद्र जबेरा पहुंचाया गया। जिसमें ऐसे ही एक व्यक्ति की हालत गंभीर होने पर जबलपुर रेफर किया गया है और हम ईश्वर से दोनों घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हैं। साथ ही हम लोगों से अपील करते हैं कि ऐसी स्थिति होने पर तुरंत ही घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाएं ताकि उन्हें समय पर उपचार मिल सके।

## विधायक ने पूजन कर समर्थन मूल्य पर मूंग खरीदी केंद्रों की शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा



सरकार ने 7 जुलाई से मूंग खरीदी की घोषणा की थी परंतु हटा अनुविभाग क्षेत्र में सहकारी बैंकों के अंतर्गत किसानों के बीच सक्रिय सहकारी संस्थाओं, वेयरहाउस संचालकों, अधिकारियों द्वारा केंद्र बनाने में विलंब के कारण एक सप्ताह विलंब से 15 जुलाई से क्षेत्र के कुछ केन्द्रों पर मूंग की खरीदी शुरू हुई। हटा कृषि मंडी स्थित वेयरहाउस पर कुंवरपुर सोसायटी खरीदी केंद्र बनाया गया एवं हिनौती सगरौन के पास शंकर वेयर हाउस पर रसीलपुर सेवा सहकारी समिति द्वारा खरीदी की जा रही है। मंगलवार को कृषि उपज मंडी वेयर हाउस में बनाए गए केंद्र पर विधायक उमादेवी खटीक ने भाजपा नेता राधिका पटेल जनपद अध्यक्ष गंगाराम पटेल जनपद सदस्य कन्हैया लाल पटेल, गोविंद पटेल सहित सैकड़ो किसानों की उपस्थिति में विधि विधान से कांटा पूजन कर किसानों को तिलक लगाकर स्वागत करते हुए मूंग खरीदी की शुरुआत की गई। हटा के खरीदी केन्द्रों पर भी समर्थन मूल्य पर मूंग खरीदी की शुरुआत हो जाने से किसानों में राहत बनी हुई है। 6 जुलाई तक मूंग बेचने किसानों द्वारा पंजीयन कराया जाता रहा। हजारों किसानों ने मूंग बेचने तौल शुरू होने का इंतजार करते रहे। 15 जून से पूर्व क्षेत्र के अधिकांश किसानों की मूंग कट चुकी थी। बारिश के दौरान किसी प्रकार अपने घरों में मूंग सुरक्षित रखें रहे।

वेयरहाउस संचालकों की कार्य प्रणाली के साथ मूंग तुलाई के लिए बारदाने, सिलाई मशीन, मजदूर, हम्मालो की कमी न हो इसके लिए विधायक ने अधिकारों को सख्त निर्देश दिए। फिलहाल खरीदी केन्द्रों पर मंगलवार से स्थानीय हम्मालो, मजदूरों के भरोसे मूंग की तुलाई तो शुरू हो गई है, भारी मात्रा में क्षेत्र में मूंग उत्पादन हुआ और समर्थन मूल्य पर किसानों ने मूंग बेचने पंजीयन कराया है।

## मंदिर ट्रस्ट ने अवैध पार्किंग के खिलाफ कार्रवाई की मांग की

बनवार। दमोह के श्री देव जागेश्वर नाथ जी मंदिर बांदकपुर में श्रावण मास के दौरान लाखों श्रद्धालु दर्शन करने पहुंचते हैं। इस दौरान अवैध पार्किंग की समस्या उत्पन्न हो गई थी, जिससे श्रद्धालुओं को परेशानी हो रही थी। हमारी खबर प्रकाशित होने के बाद मंदिर ट्रस्ट हरकत में आया है। मंदिर ट्रस्ट के पंकज हर्ष श्रीवास्तव ने बताया कि दक्षिण दिशा के सामने बाजार चेक पर पार्किंग मंदिर ट्रस्ट द्वारा नहीं कराई जाती है, बल्कि अन्य व्यक्तियों द्वारा वाहनों की पार्किंग की जा रही है। इससे श्रद्धालुओं को अत्यधिक परेशानी हो रही है। ट्रस्ट ने पुलिस प्रशासन से अनुरोध किया है कि अवैध पार्किंग कराने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाए और जो भी पार्किंग कराता है, वह अपनी भूमि पर ही कराए। ट्रस्ट की पार्किंग की जगह उत्तर दिशा में है, जहां पार्किंग ठेकेदार श्री पटवा ईमानदारी और जिम्मेदारी से कार्य का संचालन कर रहे हैं। अन्यत्र और कहीं ट्रस्ट द्वारा पार्किंग का कार्य नहीं किया जाता है। इस मामले में पुलिस प्रशासन को आवश्यक कार्रवाई करनी चाहिए ताकि श्रद्धालुओं को परेशानी न हो और शहर की यातायात व्यवस्था सुचारु रूप से चलती रहे।

## शिक्षा में हस्तकला कौशल का समावेश विषय पर कार्यशाला का आयोजन

दमोह। सांस्कृतिक स्त्रोत एवं प्रशिक्षण केंद्र, संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली द्वारा क्षेत्रीय केंद्र, दमोह में 16 से 25 जुलाई, 2025 तक ₹एनईपी 2020 के अनुरूप विद्यालयी शिक्षा में हस्तकला कौशल का समावेश₹ विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है, इस अवसर पर प्रथम दिवस में दमोह जिले के जिला कार्यक्रम समन्वयक (शिक्षा विभाग) मुकेश द्विवेदी मुख्य अतिथि एवं कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष सुरेंद्र राय विशिष्ठ अतिथि के रूप में पधारे तथा उनके द्वारा दीप प्रज्वलन के माध्यम से कार्यशाला का उद्घाटन किया गया, कार्यशाला के प्रतिभागियों के उत्साहवर्धन हेतु मुख्य अतिथि द्वारा उद्घाटन उद्बोधन दिया गया, जिसमें ₹एनईपी-2020 के अनुरूप शिक्षा एवं मध्य प्रदेश की कला एवं संस्कृति₹ पर प्रकाश डाला गया। विशिष्ठ अतिथि के रुप सुरेंद्र राय ने शिक्षक और शिक्षा का महत्व पर प्रकाश डाला, इस कार्यशाला में कुल 06 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों से 42 शिक्षक/शिक्षकाऐं प्रतिभागिता कर रहे हैं।



## स्ट्रॉ-मैनेजमेंट सिस्टम अथवा स्ट्रॉ-रीपर का उपयोग अनिवार्य करने के निर्देश दिए

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर द्वारा जारी निर्देशों के परिपालन में कम्बाइन हार्वेस्टर संचालकों की वेविनार के माध्यम से 16 जुलाई 2025 को मीटिंग ली गई। मीटिंग में कम्बाइन हार्वेस्टर संचालकों को स्ट्रॉ-मैनेजमेंट सिस्टम अथवा स्ट्रॉ-रीपर अनिवार्य करने हेतु समझाइस दी गई, बगैर स्ट्रॉ-मैनेजमेंट सिस्टम/ स्ट्रॉ-रीपर के संचालन करते पाए जाने पर वैधानिक कार्यवाही की जावेगी। मीटिंग में जिला परिवहन अधिकारी, वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक एवं सहायक कृषि यंत्री दमोह उपस्थित रहे। संबंधित अधिकारियों द्वारा नरवाई प्रबंधन के अन्य विकल्प जैसे कृषि यंत्र सुपर सीडर, हैप्पी सीडर, स्मार्ट सीडर रोटावेटर एवं नरवाई डी-कम्पोजर के बारे में भी जानकारी प्रदाय की गई।

### नगर पंचायत के द्वारा कुआ से जहां जहां पानी की सप्लाई की जा रही है सिर्फ उसी वार्ड के लोग बीमारी से हो रहे है पीडित

# एक सप्ताह से दूषित पानी पीने के कारण दर्जनों लोगों की तबियत बिगड़ी, एक व्यक्ति की हुई मौत







हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा

नगर पंचायत की लापरवाही के कारण वार्ड 3 के नवयुकं दूषित पानी पीने के कारण बुधवार की सुबह जान चली गई। दरअसल लगातार हो हो रही बरसात के कारण लगभग एक सप्ताह से उल्टी दस्त के चलते वार्ड क्रमांक 3 एवं 4 के एक दर्जन से अधिक लोग जबलपुर में अलग-अलग निजी अस्पतालों में भर्ती होकर इलाज करा रहे है। एक व्यक्ति को उल्टी दस्त लगने के कारण ब्हीपी लो होने के कारण लकवा तक लग गया है। ऐसे ही अस्सू विश्वकर्मा की उल्टी दस्त के इलाज के दौरान मौत हो गई बताया गया है कि बुधवार से लगभग 5 दिन पहले अस्सू को सबसे पहले घर में पेट दर्द, उल्टी दस्त शुरू हुए थे। नगर के शासकीय अस्पताल में इलाज कराया गया स्थिति ठीक नहीं होने के कारण दमोह जिला अस्पताल रेफर किया गया था जहां से 2-3 दिन इलाज के बाद उसकी हालत में कोई सुधार नहीं हुआ जिससे उसे मेडिकल कॉलेज जबलपुर भेज कर दिया गया जहां पर बताया गया कि किडनी काम नहीं कर रही है। घर ले जाकर सेवा करें मंगलवार की शाम को जबलपुर से परिवारजन उसे तेंदूखेडा ले आए जहां पर बुधवार सुबह उसकी मौत हो गई। ऐसे ही उल्टी दस्त के कारण जबलपुर में अंजली साहू, मालती यादव, रचना सेन, राजेश्वरी सेन, ममता रैकवार के अलावा अनेक लोग इलाज करा रहे हैं। परिवार के सदस्य शानू विश्वकर्मा ने बताया कि अस्सू को सबसे पहले उल्टी, दस्त हुए थे इसके बाद उसकी हालत में कोई सुधार नहीं हुआ जबलपुर मेंडीकल कांलेज में 4 दिन इलाज चला लेकिन डांक्टरों ने किडनी में इंफेक्शन बता कर डायलासिस कर घर भेज दिया। बुधवार सुबह उसकी मौत हो गई। सबसे बड़ी हैरानी का मामला है कि जिन वार्डो में वार्ड क्रमाक 1 में स्थित कुआ के पानी की सप्लाई की जा रही है वहीं के लोग उल्टी दस्त जैसे बीमारी का शिकार हो रहे है। लेकिन जहां पर नर्मदा लाईन का पानी सप्लाई किया जा रहा है। उन वार्डो में कोई भी प्रकार की समस्याए नहीं हो रहे है। जिसका मूल कारण है कि कुआ के सामने मैदान पड़ा हुआ है जो मेन सडक से लगभग 5 फिट नीचे है। साथ ही नगर पंचायत के द्वारा दो टयूब बेल वोर से कुआ में पानी भरा जाता है इसके बाद वार्ड क्रमाक 1,3 एवं 4 में पानी की सप्लाई की जाती है। इसके अलावा वोर बले का पानी एवं बरसात का खेतो भरा पानी जो दूषित होता है वह पानी भी कुआं में जाता है। जिस कारण बरसात का दूषित पानी लोगो के घरो में सप्लाई होने के कारण अनेक लोग बीमारियों की चपेट में आ रहे। जबकि लगभग एक सप्ताह से बीमारियों का माहोल फैला हुआ है इसके बाद भी नगर पंचायत कुआ के पानी की सप्लाई बंद नहीं कर रहे है साथ कुआ के पानी मे बिलिचिंग पाउडर जैसी दवाईयां नहीं डाली जा रही है। जिससे कारण आए दिन उल्टी दस्त के मरीज बडते जा रहे है। पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष रामकुमार साहू ने कहा कि पहले कुंए में नगर परिषद के ट्यूबबेल से पानी भरा जाता हैं ही कुआ में बरसात का दूषित पानी भी भरता है। जिस कारण कुंए में पानी वोर बेल का पानी छोड़ने पर वह पानी भी दूषित हो जाता हैं उसके बाद कुंए से वार्डो में पानी की सप्लाई की जाती हैं। वही पानी पीकर लोग बीमार हो रहे हैं। साथ ही श्री साहू ने कहां कि मैने इस संबंध में मंगलवार को सीएमओ से चर्चा की गई थी लेकिन उनके द्वारा कोई सही जबाब नहीं दिया गया। इसके अलावा वार्डो में कई सालों पुरानी पेयजल की लाइन डली हुई हैं जो कई जगह से क्षतिग्रस्त हैं। साथ ही वहीं पाईप लाईन नालियों में पडी डली हुई नालियों का पानी भी पाईप लाईनो में भरकर लोगो के घरो में जाता हैं।

इस संबंध में नगर परिषद के सीएमओ पीयूष अग्रवाल से बात करना चाहा तो उन्हाने फोन नहीं उठाया गया। एसडीएम सौरभ गंधर्व ने कहां है कि वर्तमान में जिन वार्डो में लोग बीमार हो रहे है। वहां पर सीबीएमओ सहित मेंडीकल टीम जॉच कर रही है। इसके अलावा पहले भी पानी की जॉच कराई गई है। जिसमें पानी दूषित होना नहीं पाया गया है। इसके अलावा सीएमओ सहित पूरी टीम इस पर काम कर रही है कि आखिर पानी की समस्या कहां पैदा हो रही है। जिसकी मौत हुई है वहां पर भी मेडीकल टीम भेजे थी जिसे पता चला है कि वह व्यक्ति की पहले से ही दोनो किटनी खराब थी जिससे उसकी मौत हुई है।

## पोहा एवं रिफाइंड सोयाबीन तेल के लिए नमूने

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर के निर्देशों के तहत खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत खाद्य सुरक्षा जांच दल द्वारा दमोह शहर स्थित फुटकर किराना दुकानों में निरीक्षण कार्यवाही करते हुए फुटकर किराना दुकानों में विक्रय की जा रही खाद्य सामग्री की जांच की गई। कार्यवाही में बाराद्वारी स्थित फर्म बलराम राजलदास किराना मर्चेंट का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान परिसर से मौके पर विक्रय हेतु संग्रहित लूज पोहा एवं निशंक दीप ब्रांड रिफाइंड सोयाबीन तेल के नमूनें जांच हेतु लिए गए। इन नमूनों को जांच हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजा गया। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। निरीक्षण के दौरान परिसर में मौके पर फूड लाइसेंस की प्रति पाई गई। पेस्ट कंट्रोल प्रबंधन एवं फ़ोस्टैक ट्रेनिंग प्रमाण पाए गए एवं एनुअल मेडिकल परीक्षण प्रमाण पत्र बनवाने के निर्देश दिए गए।

**आम सूचना**

**दमोह। शपथकर्ता अदिति सोनी, पुत्री नवीन सोनी निवासी मागंज वार्ड नं 3 दमोह मध्यप्रदेश ने शपथपूर्वक कथन किया है कि मेरी सही जन्म तिथि 29/3/2008 है। परंतु मेरे पासपोर्ट संख्या M9675225 में मेरी जन्म तिथि 29/4/2008 लिखी हुई है, जो कि गलत है। अत: भविष्य में मेरी सही जन्म तिथि 29/3/2008 को ही मान्य माना जाए। यदि किसी को इस संबंध में कोई आपत्ति हो, तो कृपया 7 दिनों के भीतर मुझसे संपर्क करें।**

**शपथकर्ता**
**अदिति सोनी पुत्री नवीन सोनी निवासी मागंज वार्ड नं 3 दमोह, जिला दमोह**

**नाम परिवर्तन सूचना**

**बृजरानी ठाकुर उम्र 72 साल पति वृन्दावन सिंह ठाकुर निवासी सिविल वार्ड नंबर 6 दमोह तहसील व जिला दमोह ने शपथ पूर्वक कथन किया है कि मेरे मतदाता परिचय पत्र क्रमांक ZMC2381051 में मेरा नाम बृजरानी ठाकुर है। यह कि मेरे आधार नंबर 309715824509 में मेरे मायके का नाम दसोदा सिंह एवं पता ग्राम घुराटा पोस्ट बटियागढ़ जिला दमोह दर्ज है। मेरे विवाह के पूर्व मेरे मायके का नाम दसोदा सिह था। मेरे ससुराल में मेरा नाम बृजरानी ठाकुर रखा गया एवं इसी नाम से मेरा मतदाता परिचय पत्र बना है। मेरे पति शिक्षा विभाग में पदस्थ थे जिनकी सेवा पुस्तिका में मेरा नाम बृजरानी ठाकुर BRIJRANI THAKUR एवं जन्म तिथि 10.10.1952 है। यह कि मैं अपने आधार कार्ड में मतदाता परिचय पत्र एवं सेवा पुस्तिका के आधार पर संशोधन करा कर बृजरानी ठाकुर पति बृंदावन सिंह ठाकुर BRINDAVAN SINGH THAKUR दर्ज कराना चाहती हूं एवं इसी नाम से जाना पहचाना व पत्राचार किये जावे।**

**शपथकर्ता : बृजरानी ठाकुर पति बृंदावन सिंह ठाकुर, सिविल वार्ड नंबर 6 दमोह**